दैनिक भास्कर

दिनांक : 24 जुलाई, 2019

**पर्यावरण को बचाने के लिए पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें**

मातनहेल | बहु गांव स्थित राजकीय महाविद्यालय में स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0 के जरिए महाविद्यालय की छात्राओं ने कॉलेज परिसर में **साफ-सफाई** की। इस मौके पर छात्राओं ने कॉलेज में जागरूकता रैली निकाल लोगों को पॉलीथिन का कम इस्तेमाल करने की सलाह दी। कहा कि पॉलीथिन एक ऐसा पदार्थ है, जिसे नष्ट होने के लिए कई वर्ष लग जाते हैं। इससे पर्यावरण में लगातार प्रदूषण बढ़ रहा है, जब पॉलीथिन आदि को कोई पशु खा लेता है तो वह भयंकर बीमारी से ग्रसित हो जाता है। छात्राओं ने रैली के दौरान लोगों को सफाई के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि सफाई रखने से कई प्रकार के रोगों से बचा जा सकता है।

"स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0" के तहत स्वंयसेविकाओं ने गाँव में जाकर स्वच्छता मुहिम चलाई। स्वंयसेविकाओं ने लोगों को प्लास्टिक की डिस्पोजेबल गिलास, प्लेट, चम्मच आदि के स्थान पर जैविक सामान के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कहा और उन्हें प्लास्टिक से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया।

स्वंयसेविकाओं ने स्वच्छता को लेकर खानपुर कलाँ गाँव में जागरूकता अभियान चलाया। जिसके तहत स्वंय-सेविकाओं ने गाँव की गलियों में साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आस-पास स्वच्छता रखने का आह्वान किया। स्वंय-सेविकाओं ने खानपुर कलाँ के मन्दिर के आस-पास के क्षेत्र की साफ-सफाई की व लोगों को जागरूक किया।

"स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप 2.0" अभियान के तहत स्वयंसेविकाओं ने वन महोत्सव मनाया। इस कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेविकाओं ने वन की महत्ता पर चर्चा करते हुए हर व्यक्ति को एक पौधा लगाने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। स्वयंसेविकाओं ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण के लिए इतने महत्त्वपूर्ण है कि इनके अभाव में हमें वर्ष दर वर्ष गर्मी की अधिकता व अल्पवृष्टि का सामना करना पड़ता है।

Reeny
एन. एस. एस.
प्रोग्राम अधिकारी

Mukesh Kumar 24-08-2019
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय बहु
(झज्जर)
Principal Govt. College Bahu (Jhajjar)